अपराजिता शर्मा, आईपी और टीएएफएस
मुख्य सतर्कता अधिकारी
APRAJITA SHARRMA, IP&TAFS
Chief Vigilance Officer

सत्यमेव जयते

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
Central Warehousing Corporation
(A Government of India Undertaking)

प्रस्तावना

केंद्रीय भंडारण निगम इस वर्ष 28 अक्टूबर, 2024 से 3 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर ई-पुस्तिका "सतर्कता संवेदन" के 24वें संस्करण को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। यह श्रृंखला हमारे संगठन के भीतर सतर्कता और सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहित करने की दिशा में बहुमूल्य साधन सिद्ध हुई है और मैं इसकी सफलता का हिस्सा बनने पर सम्मानित महसूस कर रही हूँ।

इस वर्ष के साप्ताहिक कार्यक्रम का विषय है "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"। यह विषय संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण में सत्यनिष्ठा को समाहित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्र की समग्र समृद्धि में ऐसी संस्कृति के योगदान पर प्रकाश डालता है। केंद्रीय भंडारण निगम का लक्ष्य मजबूत और नैतिक समाज में अपना सार्थक योगदान देने के लिए सत्यनिष्ठा पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक पारदर्शी और जवाबदेह वातावरण का निर्माण करना है।

प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने और निगम के भीतर सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन कर्मचारियों के बीच भ्रष्टाचार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके व्यावसायिक आचरण में उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने के महत्व पर बल देने के लिए एक समर्पित प्रयास है।

संपूर्ण वर्ष के दौरान कार्मिकों को सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखने के अभ्यास एवं प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ और पहल सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित की जाती हैं जिसमें भ्रष्टाचार के प्रभाव और नैतिक व्यवहार के महत्व पर प्रशिक्षण, कार्यशालाएँ और चर्चाएँ शामिल हैं। इस ई-पुस्तिका के विमोचन से कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा बनाए रखने पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करने के प्रयासों को और अधिक बल मिलेगा।

इन सिद्धांतों के पालन से विश्वसनीय और कुशल संगठन बनने के साथ-साथ सुशासन और नैतिक अभ्यासों को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों में भी योगदान होता है। तो आइए, हम अपने सभी कार्यों में सत्यनिष्ठा को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहें और अपने समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में पूरे मन से कार्य करें।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तिका सभी पाठकों के लिए अमूल्य साधन के रूप में काम करेगी, जिससे सतर्कता मुद्दों के बारे में उनकी जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें अधिक पारदर्शिता, दक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने में सहायता मिलेगी।

मैं सतर्कता टीम और अन्य सभी कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहूंगी जिन्होंने इस पुस्तिका के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई और सहयोगात्मक भावना के साथ कार्य किया। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में आपके समर्पण और टीम वर्क की अहम भूमिका रही। सत्यनिष्ठा की संस्कृति को संवर्द्धित करने की हमारी प्रतिबद्धता में सहयोग करने और अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए धन्यवाद।

(अपराजिता शर्मा)

4/1, सीरी इंस्टीच्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, हौज खास, नई दिल्ली-110016, 4/1, Siri Institutional Area, August Kranti Marg, Hauz Khas, New Delhi - 110016
फोन/Tel.: कार्यालय/(Off.) : 011-45511413, ई-मेल/E-mail : cvo@cewacor.nic.in, वेब-साईट/Website : cewacor.nic.in

WAREHOUSING FOR EVERYONE